संचिका सं0–10/विविध–16–20/2012–.......766......(10)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना ।

द्वारा:– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार ।

पटना, दिनांक–26/12/2024

**विषयः– स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, राजेन्द्र नगर, पटना के सुगम संचालन हेतु पूर्व सृजित विभिन्न कोटि के अनुपयोगी 18 पदों के प्रत्यर्पण एवं 72 (बहत्तर) अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति।**

महाशय,

राज्य के नेत्र रोगियों को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्कालीन राजेन्द्र नगर अस्पताल, पटना को नेत्र चिकित्सा के लिये अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र के रूप में वर्ष 2011 में उत्क्रमित कर अस्पताल के संचालन हेतु स्वास्थ्य विभागीय पत्रांक–554(10) दिनांक–15.11.2011 द्वारा विभिन्न कोटि के 60 (साठ) पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। पुनः विभागीय पत्रांक–736(10) दिनांक–22.09.2015 द्वारा इस अस्पताल में अधिष्ठापित किये गये नेत्र अधिकोष के संचालन हेतु विभिन्न कोटि के 16 (सोलह) पदों की स्वीकृति दी गई।

2– अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, राजेन्द्रनगर, पटना की उपयोगिता को देखते हुये इसका लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में इसके दो मंजिला भवन को छः मंजिल में परिवर्तित कर दिया गया। इसके साथ–साथ यहाँ बेडों की संख्या 30 से बढ़ाकर 106 कर दिया गया है। ओ0टी0 की संख्या भी 1 से बढ़ाकर 6 किया गया है। इन सुविधाओं से इस संस्थान में नेत्र के ईलाज हेतु मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में इस संस्थान में ईलाज हेतु आये मरीजों की कुल संख्या 15144 थी जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में बढ़कर कुल 66062 हो गया है।

3– राज्य में नेत्र रोगियों की बढ़ती संख्या एवं आधुनिक परिवेश में उत्तम इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द, राजेन्द्र नगर, पटना को अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल के रूप में विकसित करने के उद्देश्यों के निमित दिनांक–27.02.2023 को सचिव, स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस अस्पताल में पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार अस्पताल संचालन हेतु चिकित्सकों एवं कर्मियों का अतिरिक्त पद सृजन करने की आवश्यकता है।

4– विदित हो कि विभागीय पत्रांक–554(10) दिनांक–15.11.2011 द्वारा चिकित्सकों के विभिन्न कोटियों के संविदा आधारित पद सृजित किये गये थे जिनकी वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में उपयोगिता नहीं रह गयी है और संस्थान के सुगम संचालन हेतु नियमित चिकित्सकों एवं कर्मियों की आवश्यकता है साथ ही डाटा ऑपरेटर और हेल्थ एजुकेटर के नियमित पद की भी

आवश्यकता उक्त संस्थान के लिये नहीं रह गयी है। डाटा ऑपरेटर की सेवा आवश्यकतानुसार बाह्यस्त्रोत से ली जा सकती है।

5– उक्त के आलोक में अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द, राजेन्द्र नगर, पटना को अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल के रूप में विकसित करने एवं इसके सुगम संचालन हेतु पूर्व सृजित विभिन्न कोटि के पदों में से अनुपयोगी 18 पदों के प्रत्यर्पण एवं संस्थान की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न कोटियों के सृजित किये जाने वाले 72 (बहत्तर) अतिरिक्त पदों का प्रस्ताव निम्नवत् है:–

(i) सृजित किये जाने वाले पद का व्यय विवरणी:–

| क्रम | पद का नाम | पद की प्रकृति | पूर्व सृजित पद | सृजित किये जाने वाले पदों की संख्या | ग्रेड पे | पे लेबल | प्रविष्टि वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Specialist Doctor (Eye) | Regular | 0 | 18 | 6600 | 11 | 67700 |
| 2 | Specialist Doctor (Anaesthesia) | Regular | 0 | 2 | 6600 | 11 | 67700 |
| 3 | Staff Nurse Grade A | Regular | 5 | 36 | 4600 | 7 | 44900 |
| 4 | Pharmacist | Regular | 0 | 3 | 2800 | 5 | 29200 |
| 5 | Medical Record Keeper | Regular | 1 | 1 | 2800 | 5 | 29200 |
| 6 | ECG Technician | Regular | 0 | 2 | 2800 | 5 | 29200 |
| 7 | OT Assistant | Regular | 1 | 10 | 2800 | 5 | 29200 |
| कुल नये सृजित पदों की संख्या– | | | | 72 | | | |

(ii) प्रत्यर्पित किये जाने वाले पदों की व्यय विवरणी :–

| क्रम | पद का नाम | पद की प्रकृति | प्रत्यर्पित किये जाने वाले पदों की संख्या | ग्रेड पे | पे लेबल | प्रविष्टि वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sr. Consultant | Contract | 5 | - | - | - |
| 2 | Jr. Consultant Grade-I | Contract | 8 | - | - | - |
| 3 | Jr. Consultant Grade-II | Contract | | - | - | - |
| 4 | Resident/ House Officer | Contract | | - | - | - |
| 5 | Physician (Cardiologist)/ Specialist Grade-II | Contract | 1 | - | - | - |
| 6 | Anaesthetist/Specialist Grade II | Contract | 1 | - | - | - |
| 7 | Data Operator | Regular | 1 | 4200 | 6 | 35400 |
| 8 | Health Educator (Inspector) | Regular | 2 | 4200 | 6 | 35400 |
| कुल प्रत्यर्पित पदों की संख्या– | | | 18 | | | |

6– उपर्युक्त पदों में से नियमित पदों के सृजन पर वर्त्तमान संदर्भ में अनुमानित वार्षिक व्यय रु० 8,38,73,580 /– (रुपये आठ करोड़ अड़तीस लाख तेहत्तर हजार पाँच सौ अस्सी) मात्र संभावित है।

7– इस पर होने वाले व्यय का वहन मांग संख्या–20, मुख्य शीर्ष 2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, उप मुख्यशीर्ष–01–शहरी स्वास्थ्य सेवाएं–एलोपैथी, लघु शीर्ष–110–अस्पताल

तथा औषधालय, उप शीर्ष–0012 –राजेन्द्र नगर अस्पताल, पटना विपत्र कोड–20–2210011100012 के अन्तर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

8– राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक, अतिविशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, राजेन्द्रनगर, पटना होगें तथा नियंत्री पदाधिकारी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होगें।

9– प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–19.12.2024 में मद संख्या–41 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत किया गया है।

10– राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–10/विविध–16–20/2012 के पृष्ठ–30/टि0 में प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(शंभु शरण)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांकः–10/विविध–16–20/2012–766(10)/स्वा0, पटना, दिनांक–26/12/2024

**प्रतिलिपिः**–मुख्यमंत्री सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–19.12.2024 में मद संख्या--41 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार/सभी अधीक्षक/उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रभारी पदाधिकारी,/प्रशाखा पदाधिकारी–02, 03, 04, 06, 07, 11, 16, 17 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, शेखपुरा, पटना/माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–10, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव।